मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 13590 /50/2023/चयन   इन्दौर दिनांक 03 JAN 2025

//विज्ञप्ति//

"प्राचार्य प्रथम–श्रेणी, उपसंचालक, प्राचार्य द्वितीय–श्रेणी, सहायक संचालक (तकनीकी) एवं सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा (कारखाना निरीक्षक)" के पद हेतु साक्षात्कार आयोजन संबंधी सूचना।

आयोग द्वारा विज्ञापन क्रमांक 01/2023 दिनांक 13.03.2023 एवं शुद्धिपत्रादी अनुसार मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के अंतर्गत **प्राचार्य प्रथम–श्रेणी, उपसंचालक, प्राचार्य द्वितीय–श्रेणी, सहायक संचालक (तकनीकी) एवं सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा (कारखाना निरीक्षक)** के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उपरोक्त पदों हेतु लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांक 23.11.2023 को घोषित किया गया था।

03/ निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि **"प्राचार्य प्रथम–श्रेणी, उपसंचालक, प्राचार्य द्वितीय–श्रेणी, सहायक संचालक (तकनीकी) एवं सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा (कारखाना निरीक्षक)" पद के साक्षात्कार आयोग कार्यालय में दिनांक 31.01.2025 से आयोजित किए जाना सुनिश्चित किए गए है ।**

04/ उपरोक्त पद हेतु आयोग द्वारा योग्य आवेदकों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in से दिनांक **22.01.2025** से डाउनलोड कर सकते हैं । **"प्राचार्य प्रथम–श्रेणी, उपसंचालक, प्राचार्य द्वितीय–श्रेणी, सहायक संचालक (तकनीकी) एवं सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा (कारखाना निरीक्षक)"** पद की अग्रमान्यता ऑनलाइन प्रस्तुत करने की सुविधा आवेदको को दिनांक 22.01.2025 से प्रदान की जाएगी। एक बार भरी गई पदों की अग्रमान्यता को बदलने की सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

05/ साक्षात्कार हेतु अर्ह आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि साक्षात्कार दिवस को **प्रातः 09:30** बजे आयोग कार्यालय में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करें । समस्त आवेदक साक्षात्कार पत्र में दर्शित शर्तो का गहनता से परीक्षण कर उसका पालन करना सुनिश्चित करें।

अपर परीक्षा नियंत्रक
(चयन)